**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सामाजिक कुरीतियों विषय पर नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया

विश्वविद्यालय में काइजेन वेट सोसाइटी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय द्वारा सामाजिक कुरीतियों सम्बन्धित विषय पर एक 'नाट्य प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों द्वारा 6 विभिन्न टीमों वोयड, वाइटैलिटी वेट, फैरोपियश फैलाइन, वेट स्टार, वेट वायेजर, मेटामॉर्फ ने प्रतिभाग किया गया।

अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिंह ने छात्रों को समाज में फैले करीतियों को समाप्त करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया एवं इस दिशा में निरन्तर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। स्टाफ काउंसलर डा. राजीव रंजन कुमार ने सामाजिक कुरीतियों के जागरूकता के लिए छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। छात्र–छात्राओं ने नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या, अंधविश्वास, किन्नरों द्वारा सहा जाने वाला सामाजिक दर्द, कोचिंग संस्थानों की बढ़ती लूट तथा समय का सदुपयोग पर नाट्य प्रस्तुति की। इस नाट्य प्रतियोगिता में टीम फेरोपियस फैलाइन प्रथम स्थान, टीम वेट स्टार द्वितीय स्थान पर तथा टीम वेट वायेजर तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में डा. मीना मृगेश तथा डा. अमन कंबोज प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल रहे। इस क्रार्यक्रम में महाविद्यालय के 150 छात्र–छात्रायें उपस्थित थे।




*विद्यार्थियों द्वारा नाट्य प्रस्तुति करते।*

**निदेशक संचार**